संत थॉमस स्कूल, धुर्वा, राँची - 4

विषय - हिंदी | पुस्तक - दिव्य भारती

पाठ 9

पुष्प की अभिलाषा

मॉडल उत्तर

शब्दार्थ :-

अभिलाषा - इच्छा	सुरबाला - देवकन्या
बिंध - बँधकर	सम्राट - राजाओं
हरि - भगवान	पथ - रास्ता

अभ्यास

प्रश्न 1) दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

उत्तर क) - पुष्प देवकन्या के गहनों में गुँथना नहीं चाहता ।

ख) - पुष्प सम्राटों के शव पर नहीं डाला जाना चाहता है।

ग) - पुष्प देवी - देवताओं के सिर पर चढ़कर अपने भाग्य पर इठलाना नहीं चाहता है।

घ) - पुष्प वनमाली से यह इच्छा प्रकट करता है कि उसे उन वीर जवानों की रास्ते पर फेंक दिया जाए जिस पर से होकर वीर सैनिक देश की रक्षा के लिए जाते हैं।

ङ)- पुष्प उस रास्ते पर बिछ जाना चाहता है जिस रास्ते पर देशभक्त वीर सैनिक अपना बलिदान करने जाते हैं।

च)- इस कविता से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हमें देश तथा देश के वीरों का सदा सम्मान करना चाहिए।

प्रश्न :- सही वाक्य पर सही तथा गलत पर गलत का निशान लगाइए :-

क) पुष्प सम्राटों के शव पर चढ़कर इतराना चाहता है। (गलत)

ख) पुष्प सुरबाला के गहनों में गुंथकर अपनी सुंदरता बढ़ाना जाता है। (गलत)

ग) पुष्प सम्राटों के शव पर नहीं डाला जाना चाहता। (सही)

घ) पुष्प उस रास्ते को सजाना चाहता है, जिस रास्ते पर देशभक्त अपना बलिदान करने जाते हैं ।(सही)

प्रश्न :-   कविता की पंक्तियां पूरी कीजिए :-

क) चाह नहीं , मैं सुरबाला के,
गहनों में गूँथा जाऊँ ।
चाह नहीं, प्रेमी - माला में
बिंध,प्यारी को ललचाऊँ ।।

ख) मुझे तोड़ लेना वनमाली ,
उस पथ में देना तुम फेंक।
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने
जिस पथ जाएँ वीर अनेक ।।

अपराजिता हिंदी व्याकरण तथा रचना

पाठ- 10 (क्रिया)

अभ्यास :-

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

उत्तर-क) जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का पता चलता है उन्हें क्रिया शब्द कहते हैं ।

ख)- क्रिया के दो भेद होते हैं - सकर्मक क्रिया और अकर्मक क्रिया।
सकर्मक क्रिया- जिस किया के साथ कर्म हो उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं।
जैसे - रोहन क्रिकेट खेल रहा है ।
जिस क्रिया के साथ कर्म ना हो उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं।
जैसे - कमला दौड़ रही है।

ग) बिना क्रिया के वाक्य अधूरे और अर्थहीन हो जाते हैं।

प्रश्न 2) निम्नलिखित क्रिया शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-

(चलाई, गए थे, खाएगा, रहा है, लाए)

क) हम कल घूमने गए थे ।
ख) राजू ने साइकिल चलाई।
ग) दुकानदार रुपए माँग रहा है ।
घ) पिताजी मेरे लिए उपहार लाए।
ङ) बच्चा आइसक्रीम खाएगा।

प्रश्न **3)** चित्रों को देखकर बताइए कि कौन क्या कर रहा है**?**

क) लतिका ने पौधा लगाया ।

ख) बकरी हरी हरी घास खा रही है ।

ग) सूरज चमक रहा है ।

घ) बिल्ली चूहे के पीछे दौड़ रही है ।

प्रश्न **4)** निम्नलिखित अधूरे वाक्यों को बॉक्स में दिए गए उचित कर्म से पूरा कीजिए **-**

(बच्चों**,** संतरा**,** जलेबी**,** गीत**,** अखबार**)**

उत्तर क) गरिमा जलेबी खा रही है।

ख) पिताजी अखबार पढ़ रहे हैं।

ग) अध्यापक ने बच्चों को पढ़ाया।

घ) वह संतरा खा रहा है।

ङ) गीता गीत गा रही है।

प्रश्न **5)** निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया का गलत प्रयोग है। वाक्य को शुद्ध करके लिखिए**:-**

उत्तर क) दो लड़कियाँ बाहर खेल रही है।

ख) पेड़ों पर रसीले आम लगे हैं ।

ग) माँ बच्चों को खाना खिला रही है।

घ) पिताजी अस्पताल से लौट आए।

प्रश्न **6)** निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया के अनुसार उनके भेद लिखिए**:-**

क) सकर्मक

ख) सकर्मक

ग) अकर्मक

घ) सकर्मक

ङ) अकर्मक

च) अकर्मक

-----------------------------------×××-----------------------------------